दिन– शुक्रवार दिनांक– 13/02/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा – राज्य सरकार बिजली बिल के बकाये पर ब्याज माफी के लिए विचार करेगी।

02. भारतीय रिज़र्व बैंक ने किसानों को व्यापक ऋण सुविधा के लिए क्रेडिट कार्ड के मसौदा नियमों में संशोधन किया।

03. देश में किसी राष्ट्रीय राजमार्ग के आंशिक रूप से चालू होने की स्थिति में निम्न दर पर टोल शुल्क लिया जाएगा।

04. और, विश्व रेडियो दिवस पर **"रेडियो और कृत्रिम बुद्धिमत्ता** थीम के साथ प्रदेशभर में हो रहा है कई कार्यक्रमों का आयोजन।

---

ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि प्रदेश में बिजली बिल के बकाये पर ब्याज की माफी के लिए सरकार विचार करेगी। विधानसभा में एक ध्यानाकर्षण के जवाब में श्री यादव ने कहा कि उपभोक्ताओं को बकाया बिजली बिल को किस्तों में भुगतान करने की सुविधा पहले से ही दी जा रही है।

–––बाइट–––

इधर, बरौली विधायक मंजीत सिंह के एक प्रश्न के उत्तर में उपमुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सरकार राज्य की असर्वेक्षित भूमि का सर्वेक्षण करायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में जमीन को विवादों से मुक्त कराया जायेगा। सर्वे को दो वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य है।

–––बाइट–––

---

जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि अगले पांच वर्षों में तेईस लाख हेक्टेयर क्षेत्र में कमांड एरिया विकसित कर हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाया जायेगा। विधानसभा में विभागीय बजट पर सरकार का पक्ष रखते हुये श्री चौधरी ने कहा कि यह कार्य विकसित भारत जी राम जी योजना के माध्यम से कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में तिरेपन दशमलव पांच तीन लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सम्भाव्यता है। इसमें से बयालीस लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता विकसित कर ली गयी है। उन्होंने कहा कि शेष क्षेत्रों में कार्य योजना बनाकर सिंचाई क्षमता विकसित की जा रही है।

–––बाईट–––

---

प्रदेश के प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को विशिष्ट चिकित्सा केन्द्र और जिला अस्पतालों को अतिविशिष्ट चिकित्सा केन्द्र के रूप में विकसित किया जायेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में सात निश्चय –तीन के तहत **सुलभ स्वास्थ्य सुरक्षित जीवन** के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान ये निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नये मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में बेहतर पढ़ाई तथा इलाज के लिए लोक निजी भागीदारी को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने के लिए चिकित्सकों को अलग से प्रोत्साहन की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिये।

---

भारतीय रिज़र्व बैंक ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना के लिए संशोधित मसौदा नियम जारी किए हैं। इनमें मिट्टी परीक्षण, मौसम पूर्वानुमान और जैविक प्रमाणीकरण जैसी कृषि–तकनीक पहलों पर होने वाले खर्च को पात्र कृषि ऋण घटकों में शामिल करने का प्रस्ताव है। मसौदे के अनुसार, हर उधार लेने वालों को दो लाख रुपये तक के कृषि और संबद्ध ऋणों के लिए संपार्श्विक और मार्जिन आवश्यकताओं में छूट दी गई है। किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत आहरण सीमा को फसल–वार वित्तपोषण के पैमाने के अनुरूप बनाया गया है, जबकि एक हेक्टेयर तक की भूमि वाले सीमांत किसानों के लिए दस हजार से पचास हजार रुपये की ऋण सीमा का प्रस्ताव किया गया है। भारतीय रिज़र्व बैंक ने अल्पावधि फसलों के लिए फसल अवधि बारह महीने और दीर्घावधि फसलों के लिए अठारह महीने निर्धारित की है। साथ ही केसीसी की वैधता को बढ़ाकर छह वर्ष करने का प्रस्ताव किया है। मसौदे पर सुझाव छह मार्च, दो हजार छब्बीस तक भेजे जा सकते हैं।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राष्ट्रीय राजधानी में सेवा तीर्थ भवन परिसर के नामकरण का अनावरण करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन–एक और दो का औपचारिक उद्‌घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री का शाम को सेवा तीर्थ में एक जनसभा को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है। यह उद्‌घाटन देश की प्रशासनिक व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

---

केन्द्रीय जांच ब्यूरो, सीबीआई ने पटना स्थित छात्रावास में नीट की तैयारी कर रही छात्रा की मौत के मामले में हत्या के प्रयास का नया केस दर्ज करते हुये मामले की जांच शुरू कर दी है। इस बीच, पटना पुलिस ने इस मामले से जुड़ी पोस्टमार्टम और एफएसएल रिपोर्ट सहित सभी दस्तावेज सीबीआई को सौंप दिये हैं। इधर, जिले के फुलवारी थाना क्षेत्र स्थित निजी कोचिंग की छत से गिरने से एक छात्रा की मौत हो गयी। परिजनों ने दुष्कर्म या छेड़खानी के बाद हत्या की आशंका जतायी है। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है।

---

देश में किसी राष्ट्रीय राजमार्ग के आंशिक रूप से चालू होने की स्थिति में राष्ट्रीय राजमार्गों पर लागू निम्न दर पर टोल शुल्क लिया जाएगा। केन्द्र सरकार ने ऐसे राष्ट्रीय राजमार्ग के उपयोगकर्ताओं को राहत प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क–दर निर्धारण और वसूली नियम, दो हजार आठ में संशोधन अधिसूचित किया। संशोधित नियम पन्द्रह फरवरी से प्रभावी होंगे। संशोधित अधिसूचना के अनुसार संशोधन का उद्देश्य आंशिक रूप से खुले एक्सप्रेस–वे के खंडों के अधिक उपयोग को प्रोत्साहित करना है।

---

प्रदेश के सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में नियुक्त किये गये लिपिकों को प्रति माह सोलह हजार पांच सौ रूपये निर्धारित वेतन मिलेंगे। इसके साथ ही पांच सौ रूपये की वार्षिक वेतन वृद्धि भी होगी। शिक्षा विभाग के उप सचिव अजय सतीश भेंगरा ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

---

आज विश्व रेडियो दिवस है। यह दिवस हर वर्ष तेरह फरवरी को उन्नीस सौ छियालीस में संयुक्त राष्ट्र रेडियो की स्थापना की स्मृति में मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है– **"रेडियो और कृत्रिम बुद्धिमत्ता, एआई एक उपकरण है, आवाज़ नहीं।"** एक रिपोर्ट–

———बाईट———

आकाशवाणी पटना के पूर्व उद्घोषक और जाने माने खेल कमेंटेटर बद्री प्रसाद यादव ने आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में बताया कि तकनीकी युग में रेडियो प्रसारण के स्वरूप में कई बदलाव आये हैं लेकिन रेडियो के प्रति लगाव आज भी कायम है।

———बाईट———

इधर, विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर देश और प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

---

बिहार को राष्ट्रीय स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने वाले सर्वश्रेष्ठ राज्य के रूप में चुना गया है। स्पोटर्स स्टार एसेस अवाड्र्स दो हजार छब्बीस के तहत प्रदेश को यह पुरस्कार दिया जायेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात के दौरान पुरस्कार देने वाली टीम ने यह जानकारी दी।

भुवनेश्वर में आयोजित एक दिवसीय सीनियर महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के प्लेट ग्रुप में बिहार की टीम ने मिजोरम को एक सौ उनसठ रन से हरा दिया। इस प्रतियोगिता में बिहार की ये लागातार चौथी जीत है।

---

आईसीसी टी–20 विश्व कप में, भारत ने नामीबिया को तिरानवे रन से हरा दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नामीबिया को दो सौ दस रन का लक्ष्य दिया। जवाब में नामीबिया दस गेंद शेष रहते एक सौ सोलह रन पर ऑल आउट हो गई। बिहार के ईशान किशन ने चौबीस गेंद में इकसठ रन की शानदार पारी खेली।

इधर, प्रतियोगिता में आज कोलंबो में ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे आमने सामने होंगे। यह मैच सुबह ग्यारह बजे से खेला जायेगा। वहीं एक अन्य मैच में कनाडा का सामना यूएई से होगा। मैच दिल्ली में दोपहर तीन बजे से खेला जायेगा। इधर, शाम सात बजे से चेन्नई में अमरीका का मुकाबला नीदरलैंड्स से होगा।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अगल–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– लोकसभा अध्यक्ष के अपमान पर तकरार।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– सरकार निजी अस्पतालों को बिहार आने में करेगी प्रोत्साहित।

प्रभात खबर ने निवेश से जुड़ी खबर पर लिखा है– श्याम स्टील ग्रुप गया में पांच हजार करोड़ के निवेश से लगायेगा प्लांट, आठ हजार को रोजगार।

दैनिक भास्कर का शीर्षक है– हाईकोर्ट और सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, होम सेक्रेटरी तलब।

आज अखबार लिखता है– मनी लॉन्ड्रिग मामले में लालू प्रसाद, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव को कोर्ट से फिलहाल राहत।

राष्ट्रीय सागर की सुर्खी है– बिजली के पुराने बकाए पर चक्रवृद्धि ब्याज माफ होगा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा – राज्य सरकार बिजली बिल के बकाये पर ब्याज माफी के लिए विचार करेगी।

02. भारतीय रिज़र्व बैंक ने किसानों को व्यापक ऋण सुविधा के लिए क्रेडिट कार्ड के मसौदा नियमों में संशोधन किया।

03. देश में किसी राष्ट्रीय राजमार्ग के आंशिक रूप से चालू होने की स्थिति में निम्न दर पर टोल शुल्क लिया जाएगा।

04. और, विश्व रेडियो दिवस पर **"रेडियो और कृत्रिम बुद्धिमत्ता** थीम के साथ प्रदेशभर में हो रहा है कई कार्यक्रमों का आयोजन।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।